**हमारी नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और सफाई के लिए जन जागरूकता और सार्वजनिक भागीदारी के लिए एनआरसीडी द्वारा प्रस्तावित आउटरीच गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम की रिपोर्ट**

**दिनांक : 16.05.2023 , स्थान : इंडिया गेट, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 16.05.2023 को शायं 04:30 बजे इंडिया गेट, नई दिल्ली में हमारी नदियों एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जन जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व श्री प्रमोद कुमार पात्र, अवर सचिव(प्रशासन), राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय ने किया जिनके साथ निदेशालय के 15 अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में निदेशालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नदियों एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण संबंधी बैनर तथा प्ले कार्ड के माध्यम से इंडिया गेट में उपस्थित लोगों को नदियों एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के महत्व के बारे में बताया गया। इसी बीच निदेशालय के कर्मचारियों द्वारा नदियों के संरक्षण से संबंधित नारे भी लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने सुरक्षा कारणों से निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री प्रमोद कुमार पात्र, अवर सचिव ने उक्त अधिकारी को जन जारूकता कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी प्रदान की। निदेशालय द्वारा आयोजित इस जन जागरूकता कार्यक्रम को इंडिया गेट में उपस्थित लोगों के बीच बेहतर प्रतिक्रिया देखने को मिली। इंडिया गेट में इस दौरान लगभग 1500 लोग उपस्थित थे। इस दौरान कुछ लोगों ने कार्यक्रम के बारे जानकारी भी प्राप्त की। कुल मिलाकर राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय द्वारा आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा।

*****